हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
मंगलवार, 29 मार्च 2016, नगर/नोएडा, पांच प्रदेश, 18 संस्करण www.livehindustan.com

बिमटेक ने नीमका में प्रोत्साहन चिरैया शुरू किया

ग्रेटर नोएडा | मुख्य संवाददाता

बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी (बिमटेक) की रंगनाथन सोसाइटी फॉर सोशल वेलफेयर एंड लाइब्रेरी डेवलपमेंट ने सोमवार को गौतमबुद्ध नगर के सांसद आदर्श ग्राम नीमका में प्रोजेक्ट 'प्रोत्साहन चिरैया' का शुभारम्भ किया। यह प्रोजेक्ट स्वर्गीय सरला बिरला जी की पहली पुण्य तिथि के अवसर पर शुरू किया गया है।

बिमटेक के निदेशक डॉ. हरिवंश चतुर्वेदी ने बताया कि प्रोजेक्ट 'प्रोत्साहन चिरैया' का उद्देश्य नीमका गांव की बच्चियों को आत्मनिर्भर बनाना है। उन्हें स्वावलम्बी बनाने के लिए मेवात से आई सहगल फाउंडेशन की टीम ने बच्चियों से बात की। गांव के बड़े-बुजुर्ग और जिम्मेदार लोगों का विश्वास हासिल किया। उन्हें आश्वस्त किया कि इस गांव की बच्चियां भी शहर की बच्चियों जैसी आत्मविश्वासी और प्रतिभावान बनेंगी। इस गांव का नाम रोशन करेंगी। कार्यक्रम में गौतमबुद्ध नगर के मुख्य विकास अधिकारी माखन लाल गुप्ता, केंद्रीय संस्कृति मंत्री डॉ. महेश शर्मा के प्रतिनिधि अभिषेक शर्मा प्रोफेसर एनएन शर्मा, डॉ. ऋषि तिवारी, प्रोफेसर सलोनी सिन्हा, उर्मिला, श्रुति कपूर, रेनू, डॉ. अवधेश श्रोत्रिय, जुबैदा मौजूद रहे।

सोमवार को बिमटेक के निदेशक डॉ. हरिवंश चतुर्वेदी ने बच्चियों को फूल भेंट किए।